# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2022 / 1126

जबलपुर, दिनांक 17 जनवरी, 2022

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय से संबंद्ध शासकीय पी.एस.एम. महाविद्यालय, जबलपुर एवं शासकीय राज्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के बी.एड./बी.एड. साइंस/एम.एड. /एम.एड. साइंस पाठ्यक्रम सेमेस्टर पद्धति के ऑनलाईन नामांकन आवेदन पत्र (Enrolment Form) एम.पी. आनलाईन पोर्टेल के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है। जिन महाविद्यालयों ने सत्र 2021–22 की संबंधित विभागों की शुल्क जमा कर **NOC** प्राप्त नहीं किया है । उन्हें सिर्फ नामांकन प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है । ऐसे महाविद्यालयों को सत्र 2021–22 की संबंद्धता/निरंतरता एवं विश्वविद्यालय से **NOC** प्राप्त करने के पश्चात् **NOC** की एक प्रति नामांकन शाखा में जमा करने के उपरांत ही नामांकन जारी किये जावेंगे।

*नोट – पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक/परीक्षा/2021/1090 दिनांक 01/12/2021 में निर्धारित शुल्क सभी में लागू रहेगा ।*

समस्त प्राचार्यगण/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष अधिसूचना को सूचना पटल पर चस्पा कर छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन नामांकन करने हेतु सूचित करें ।

आनलाइन आवेदन **(Enrollment From)** भरने की प्रकिया निम्नानुसार होगीः–

| कमांक | समस्त प्रकिया | शुल्क विवरण | आवेदन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | इस प्रकिया के अंर्तगत व्यवसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर मे प्रवेशित विद्यार्थी अपना उच्च शिक्षा एवं आनलाइन प्रवेश से प्राप्त ID नंबर, जन्मतिथि लेकर एम.पी. आनलाईन के पोर्टल पर अंकित करेंगे (Enrolmen/Registration Form) भरने के उपरांत महाविद्यालय/शिक्षण विभाग में जमा करायेंगे (All Student Must Fill Enroll. Cum Registration From) | नामांकन शुल्क 330/–<br>इमीग्रेशन शुल्क 4000/–<br>(व्यवसायिक पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.)<br><br>इमीग्रेशन शुल्क 330/–<br>;सामान्य पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.) | यह प्रकिया बिना विलंब शुल्क के साथ दिनांक 18.01.2022 से<br>21.01.2022 तक उपलब्ध रहेगी<br><br>विलंब शुल्क रू. 330/– के साथ दिनांक 24.01.2022 तक |
| 2. | छात्रों द्वारा Enrolment Form की प्रति संबंधित महाविद्यालय/वि.वि.शिक्षण विभाग में जमा की जावेगी। | | 24.01.2022 तक |
| 3. | महाविद्यालय/वि.वि. शिक्षण विभाग द्वारा (Document Verification) कर Document वि.वि. में भेजने की अंतिम तिथि (पेन डाइव के साथ) | मान्य बोर्ड एवं विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन पत्र अप्रूवल करें । | 27.01.2022 तक |

नोटः– उपरोक्त निर्धारित तिथियों में महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के नामांकन प्रिंट आउट संलग्न प्रमाण–पत्रों के साथ विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में पेन डाइव के साथ जमा नहीं करने पर छात्र/छात्राओं के नामांकन जारी नहीं किये जावेंगें जिसकी समस्त जबाबदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। एवं निर्धारित तिथि के पश्चात् हार्ड कापी जमा करने पर रूपये 100/– प्रति छात्र विलंब शुल्क देय होगा।

01. ऐसे छात्र जिन्होंने प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कराया है लेकिन महाविद्यालय से प्रवेश के समय प्रवेश/विषय ग्रुप का सत्यापन नहीं कराया है । ऐसे छात्रों को नामांकन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जावेगा इस प्रकार के छात्र महाविद्यालय में सम्पर्क कर प्रवेश/विषय ग्रुप का सत्यापन कराये । प्रवेश सत्यापन पश्चात् छात्र नामांकन प्रक्रिया में शामिल हो पायेंगें ।

02. उपनाम परिवर्तन हेतु नोडल अधिकारी ऑनलाइन से सत्यापन कराने के पश्चात् छात्रायें रूपये 100/– के मूल शपथ पत्र के साथ एवं नाम परिवर्तन शुल्क 550/– चालान के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन बैंक शाखा में जमा करने के बाद नामांकन शाखा में जमा करें। इसके पश्चात् ही नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

03. समस्त प्राचार्यगण प्रवेशित विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से नामांकन रजिस्ट्रेशन आनलाइन के माध्यम से भरने की सूचना महाविद्यालय अपने सूचना पटल पर चस्पा करें। ताकि छात्र/छात्रायें आनलाइन नामांकन करने से वंचित न रह जाये तथा नामांकन न भरने की स्थिति में छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा ।

संलग्न प्रमाण–पत्रों की सूची निम्नानुसार हैः–

- माइग्रेशन एवं टी.सी. के संबंध में (वचन पत्र)
- Proof of Date of Birth (जन्म तिथि हेतु अंकसूची की प्रति)
- Mark sheet (10वीं, 12वीं एवं स्नातक अंतिम वर्ष की अंकसूची)
- Migration Certificate Original (प्रवजन प्रमाण पत्र मूलप्रति)
- Eligibility Certificate (पात्रता प्रमाण पत्र)

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2022/1126 अ जबलपुर, दिनांक 17 जनवरी, 2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
3. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर, संभाग जबलपुर ।
4. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
5. प्रभारी नोडल अधिकारी ऑनलाईन सेल, रा.दु.वि.वि. जबलपरु।
6. कुलपतिजी/कुलसचिव जी के निज सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर इस निवेदन के साथ कि बेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर